मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

उल्हास विकास

■ वर्ष : 41 ■ अंक : 299 ■ गुरुवार, 29 फरवरी 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

पॉलिटिक्स में आने का सही समय है : कंगना

# उल्हासनगर का 977.39 करोड़ का बजट पेश

## नागरिकों को राहत - संपत्ति-जल कर में कोई वृद्धि नहीं

■ उल्हासनगर की जनता पर कोई टैक्स बढ़ोतरी नहीं



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा आयुक्त अजीज शेख ने 2024-25 के लिए 977.39 करोड़ का बजट मनपा आयुक्त अजीज शेख को पेश किया है. दिलचस्प बात यह है कि प्रशासनिक शासन के दौरान भी मनपा प्रशासन ने उल्हासनगर की जनता पर कोई टैक्स बढ़ोतरी नहीं की है.

मनपा आयुक्त अजीज शेख ने 2024-25 का बजट पेश किया. इस मौके पर लेखा अधिकारी किरण भिलारे, सचिव प्राजक्ता कुलकर्णी, उपायुक्त अशोक नाइकवाड़े, प्रियंका राजपूत, ऑडिटर शरद देशमुख, सिटी इंजीनियर प्रशांत सोलंकी, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले आदि भी मौजूद रहे.

उल्हासनगर मनपा के सामान्य सभा कक्ष में बजट पेश करते हुए मनपा आयुक्त अजीज शेख ने घोषणा की कि वह मितव्ययता से खर्च करते हुए आय के स्रोत बढ़ाने पर ध्यान देंगे।

इस बजट में प्रॉपर्टी टैक्स 156 करोड़, पानी पट्टी टैक्स 10 करोड़, एमआरटीपी के तहत 79 करोड़, लाइसेंस फीस 29 करोड़, सरकार से सब्सिडी 515 करोड़, कैपिटल सब्सिडी व अन्य स्रोतों से कुल 977.39 करोड़ रुपए की आय की उम्मीद अजीज शेख ने व्यक्त की है.

मनपा अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों के वेतन और पेंशन के लिए 222 करोड़, एमआईडीसी के पानी बिल के लिए 55 करोड़, बिजली प्रकाश व्यवस्था के लिए 15 करोड़, कचरा परिवहन के लिए 72 करोड़, सड़कों और बुनियादी ढांचे के लिए 155 करोड़, जल आपूर्ति और सीवेज निपटान के लिए 216 करोड़, प्राथमिक शिक्षा, पार्क के लिए 47 करोड़ रुपये, उद्यान विकास के लिए 7 करोड़, परिवहन सेवा के लिए 21 करोड़, महिला एवं बाल कल्याण के लिए 9 करोड़ रुपये, पर्यावरण और अन्य खर्चों के लिए 7.5 करोड़ रुपये व अन्य खर्च मिलाकर कुल 977.14 करोड़ रुपये खर्च होने की उम्मीद मनपा आयुक्त अजीज शेख ने व्यक्त की है.

शहर में पेड़ों की देखभाल और रखरखाव के लिए एक अलग पार्क विभाग बनाया गया है। इस साल विभाग को एक उद्यान, एक स्वतंत्र महिला पार्क स्थापित करने के लिए 7 करोड़ रुपये खर्च करने की उम्मीद है। पिछले बजट में शहर में वृक्ष गणना के लिए 25 लाख का अलग से फंड रखा गया था। इस गणना में शेख ने बताया कि शहर में 33 हजार पेड़ हैं. जल आपूर्ति, जल निकासी, सीवेज विभाग के लिए 216 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं. सब्जी मंडी और टाउन हॉल के निर्माण के लिए 5-5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है. कमिश्नर अजीज शेख ने बताया कि पांच सौ लोगों के लिए ट्रांजिट कैंप बनाने के लिए सरकार से विशेष फंड की मांग की गयी है. महानगरपालिका का भवन जर्जर है और नये मुख्यालय भवन के निर्माण के लिए बजट में पांच करोड़ का प्रावधान किया गया है.

अग्निशमन विभाग को अपडेट करने के लिए बजट में 13 करोड़ 42 लाख रुपये आवंटित किये गये हैं. महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट योजना के माध्यम से शौचालयों के लिए 2 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। दिव्यांग कल्याण योजना के क्रियान्वयन के लिए 11.52 करोड़ रुपये, दिव्यांग थेरेपी सेंटर के लिए 60 लाख रुपये. दिवंगत बालासाहेब ठाकरे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये का फंड रखा गया है। बजट में सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करने के लिए 35 करोड़ रुपये और तीसरे पक्ष के लिए योजनाएं लागू करने के लिए 50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

## क्राइम डायरी...

### दुकान का शटर तोड़कर 37 हजार के कपड़े व नकदी चोरी



**अंबरनाथ.** जांभुल रोड, सर्वोदय नगर में एक दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर ने दुकान से 27 हजार रुपए के कपड़े व 10 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी विशाल महेंद्र राजे की साउथ इंडियल कालेज के सामने, जांभुल रोड, सर्वोदय नगर में कपड़े की दुकान है. 24-25 फरवरी की रात में अज्ञात चोर उनकी दुकान का शटर तोड़कर 12 हजार के 70 प्रिंटेड, चेक्स के शर्ट, 15 हजार रुपए के 60 ट्राउजर्स व 10 हजार रुपए नकद चोरी कर चलता बना. अंबरनाथ पुलिस ने भादंसं की धारा 454, 457, 380 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक आर. पी. अहिरे जांच कर रहे हैं.

## अंबरनाथ रिक्शा यूनियन का बंद, मोर्चा हुआ सफल

24 घंटे में हटाया जाएगा अवैध डम्पिंग मैदान



■ मुख्याधिकारी ने यूनियन को दिया पत्र

■ एक घंटे बंद रहे आटो रिक्शा

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ डीएमसी सड़क के पास अवैध डम्पिंग मैदान 24 घंटे के भीतर बंद कर दिया जाएगा. नपा मुख्याधिकारी ने रिक्शा संगठन के अध्यक्ष मिलिंद पाटिल को पत्र दिए जाने के बाद रिक्शा चालकों ने एक घंटे तक रिक्शा बंद रखकर पत्र मिलने के बाद अपना बंद वापस लिया.

विदित हो कि हमने भी इस डंपिंग मैदान के बारे में बार-बार आवाज उठाकर अपने अखबार से शहर के नेताओं एवं नपा प्रशासन को जगाया था. जोशी काका रामदास पाटिल रिक्शा संगठन के अध्यक्ष मिलिंद पाटिल ने भी नपा प्रशासन को निवेदन देकर कहा था कि इस अवैध डम्पिंग मैदान के कचरे से बदबू फैलती है. मच्छर मक्खियों से बीमारी फैलने का डर है. लादी नाका, फॉरेस्ट नाका जानेवाली रिक्शा की कतार इस डम्पिंग मैदान तक जाने के कारण गत एक वर्ष से रिक्शा चालक परेशान हैं. व्यापारी संघ ने भी निवेदन दिया था कि डम्पिंग मैदान से आसपास के दुकानदार भी परेशान हैं. दो दिनों पूर्व मिलिंद पाटिल ने नपा प्रशासन को पत्र दिया था कि बार-बार पत्र दिए जाने के बावजूद डम्पिंग मैदान हटाया नहीं जा रहा है. इसलिए बुधवार को रिक्शा बंद रखकर सैकड़ों रिक्शा चालकों ने मिलिंद पाटिल के नेतृत्व में डम्पिंग मैदान हटाने का नारा लगाते हुए नपा पर मोर्चा निकाला. तब जाकर प्रशासन नींद से जागा और मिलिंद पाटिल को पत्र दिया है कि 24 घंटे के भीतर यहां से डम्पिंग मैदान हटा दिया जाएगा. डम्पिंग मैदान एक बिल्डर का है. बिल्डर ने हमसे कहा है कि जैसे ही कचरा फेंकना नपा बंद करेगी, वह इस जगह पर पतरे की हदबंदी करेंगे. मोर्चे में कुमार मुदलियार, निवृत्ति कुचिक, अशोक कलाल, दिलीप पाटिल आदि यूनियन नेता उपस्थित थे.

## घर में घुसकर चुराए 17,500 रुपए

**अंबरनाथ.** कानसई रोड, भीमनगर में एक घर में घुसकर अज्ञात चोर 17 हजार 500 रुपए चोरी कर ले गया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी रिक्शाचालक आकाश सिद्राम कांबले (26) भीमनगर, कानसई रोड, अंबरनाथ पूर्व में रहते हैं. मंगलवार की रात 1.20 बजे के करीब एक अज्ञात शख्स उनके घर के पास खड़ा था. आकाश के पूछताछ करने पर वह वहां से भाग गया. बाद में पता चला कि अज्ञात शख्स उनके घर में घुसकर पिता के पाकिट से 17 हजार 500 रुपए चोरी कर ले गया है. शिवाजी नगर पुलिस ने भादंसं की धारा 380 के तहत अपराध दर्ज किया है. पुलिस उप निरीक्षक बडेकर मामले की जांच कर रहे हैं.

## मनपा सुरक्षा गार्ड ने बनाई कुसुमाग्रज की आकर्षक रंगोली!





**उल्हासनगर.** श्री कालिका कला मंडल के कवियों और ग़ज़ल गायकों की रंगारंग सम्मेलन के अवसर पर उल्हासनगर मनपा के सुरक्षा गार्ड दशरथ जायसवाल ने मराठी भाषा दिवस के अवसर पर वी.वी. शिरवाडकर अर्थात कुसुमाग्रज की एक आकर्षक रंगोली बनाई है।

बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष और आयोजक दिलीप मालवणकर द्वारा इस रंगोली को मास मीडिया पर वायरल करने के बाद दशरथ जयसवाल सुर्खियों में आ गए हैं और उनकी प्रतिभा की जमकर तारीफ हो रही है।

दशरथ जयसवाल पिछले कई वर्षों से मनपा में सुरक्षा गार्ड हैं. आजादी की सालगिरह के अवसर पर मुख्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये थे. तब जयसवाल ने मनपा सचिव प्राजक्ता कुलकर्णी से मुलाकात की और कहा कि अगर उन्हें अनुमति मिले तो वे अच्छी रंगोली बना सकते हैं. कुलकर्णी द्वारा जयसवाल को इजाजत देने के बाद, दशरथ जयसवाल ने आकर्षक रंगोली बनाई। उसके बाद, भंडार डिवीजन प्रमुख अंकुश कदम, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बालू नेटके ने भी जयसवाल को रंगोली बनाने के लिए कहा। आयुक्त अजीज शेख ने इन आकर्षक रंगोलियों को देखकर जयसवाल को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया है।

## कल्याण डोंबिवली मनपा के दो कर्मचारी निलंबित




**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के नगर रचनाकार विभाग के भूमि सर्वेक्षणकर्ता बालू बहिरम, वास्तुकार राजेश बागुल को बुधवार को नगरपालिका सेवा से निलंबित कर दिया गया। 48 घंटे से अधिक समय तक पुलिस हिरासत में रहने के बाद मनपा आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ के आदेश पर प्रशासन ने महाराष्ट्र सिविल सेवा एवं कदाचार अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की है.

फर्जी गणना मानचित्र मामले में पिछले सप्ताह बाजार पेठ पुलिस ने बहिरम, बागुल को गिरफ्तार किया था। वह तीन दिन तक पुलिस हिरासत में रहे. सोमवार को उन्हें कल्याण एवं जिला सत्र न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में पुलिस तत्कालीन टाउन प्लानर राजेश मोरे, कनिष्ठ अभियंता ज्ञानेश्वर मोरे, सेवानिवृत्त सहायक निदेशक मारुति राठौड़ से गहन पूछताछ कर रही है।

पुलिस पुणे के अमरावती में राठौड़ का पता तलाश रही है। एक कर्मचारी मुलुंड और एक कर्मचारी डोंबिवली पश्चिम मोठागांव इलाके में रहता है। पूछताछ के दौर में कर्मचारी गिरफ्तारी पूर्व जमानत के लिए प्रयास कर रहे हैं। हालांकि पुलिस ने आरोपियों पर गैर जमानती धाराएं लगाई हैं. पुलिस और कानूनी विद्वानों का कहना है कि इससे उन्हें जमानत मिलना मुश्किल हो जाता है। कुछ डेवलपर्स, आर्किटेक्ट इन सभी मामलों में असहज महसूस कर रहे हैं। शिकायतकर्ता रमेश पद्माकर म्हात्रे ने मांग की है कि पुलिस इस मामले में आर्किटेक्ट और डेवलपर के खिलाफ कार्रवाई शुरू करे.

## दारू की भट्ठी पर छापा, 87 हजार का माल बरामद

**उल्हासनगर.** नेवाली गांव के पास स्थित एयरोड्रम की खाली जगह पर अवैध रूप से चल रही दारू की हाथभट्ठी पर पुलिस ने छापा मारा और यहां से 87 हजार 200 रुपए का माल बरामद किया. पुलिस ने दारू की भट्ठी चलाने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

मिली जानकारी के अनुसार हिललाइन पुलिस ने मंगलवार की शाम को एयरोड्रम के पास नेवाली गांव में देशी दारू की हाथभट्ठी पर छापा मारा. यहां से पुलिस ने दारू बनाने के काम आनेवाला गुड़, नौसादर मिश्रित रसायन (वॉश) जब्त किया. जिसकी कुल कीमत 87 हजार 200 रुपए है. पुलिस ने हाथभट्ठी चलानेवाले लक्ष्मण भोईर के खिलाफ महाराष्ट्र दारूबंद अधिनियम 1949 की धारा 65 (फ) के तहत अपराध दर्ज किया है. हिललाइन पुलिस के पुलिस नाईक पादीर जांच कर रहे हैं.

## व्यापारी को चाकू मारकर लूट लिया



■ 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत मुक्तिबोध श्मशान घाट से एक व्यापारी देवीदास चुघ अपने घर से दो लाख पचास हजार नकद लेकर जा रहे थे, तभी एक दीवार के पीछे छिपे कुछ युवक अपनी बाइक से आए और देवीदास चुघ की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

फिर उन्होंने देवीदास से पैसों का थैला छीनने की कोशिश की, उस समय देवीदास ने चोरों का विरोध करने की कोशिश की, तभी लुटेरों ने देवीदास के हाथ पर चाकू मार दिया और पैसों का थैला छीनकर चोर भाग गए।इस घटना के बाद देवीदास चुघ ने विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में पुलिस उपायुक्त के समक्ष उक्त घटना की शिकायत दर्ज करायी. उपायुक्त सुधाकर पठारे, सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल पडवल के मार्गदर्शन में, अपराध के पुलिस उपनिरीक्षक महेंद्र सपकाले, रामदास मिसाल, जितेंद्र चित्ते, भागवत दहीफले, गणेश वडनेरे, सुजीत निचिते, समीर गायकवाड़ की एक जांच टीम ने 24 घंटे के भीतर चोरी की गुत्थी सुलझा ली.घटना के मुख्य आरोपी ताजुद्दीन माहिगीर को अंबरनाथ इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया.

आज आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया तो उसे 2 मार्च तक पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है.

## अवैध हथियारों की तस्करी का भंडाफोड़



■ आरोपी भिवंडी से गिरफ्तार

■ 7 पिस्तौल, 10 जिंदा कारतूस बरामद

**भिवंडी.** भिवंडी पुलिस उपायुक्त शिवराज पाटिल ने मंगलवार को बताया कि ठाणे अपराध जांच विभाग की भिवंडी इकाई ने मध्य प्रदेश से हथियारों की तस्करी करने वाले गुरुचरण छबीलासिंह जुनेजा (23, मो. पो. पचोरी, जिला खकनार, जिला बुरहानपुर, मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया है. उसके पास से 7 देशी पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस बरामद किये गये हैं. ठाणे क्राइम ब्रांच की भिवंडी यूनिट की टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति नारपोली पुलिस स्टेशन क्षेत्र के मानकोली नाका पर पिस्तौल बेचने आएगा। इसी आधार पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन गायकवाड़, सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार, उप निरीक्षक राजेंद्र चौधरी आदि की टीम ने इस इलाके में जाल बिछाया और 23 फरवरी 2024 को गुरुचरण को हिरासत में लिया. उसकी तलाशी में एक देशी माउजर पिस्तौल और कारतूस मिले। उसके खिलाफ नारपोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था और उसे अवैध हथियार रखने और बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। भिवंडी कोर्ट ने उसे पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया.

## एनफील्ड बुलेट चोरी

**अंबरनाथ.** फिटनेस जिम के सामने सड़क पर पार्क की गई रॉयल एनफील्ड बुलेट कोई चोरी कर ले गया. जितेंद्र रतनलाल माली (27) ने अपने बड़े भाई महेंद्रकुमार माली की एनफील्ड बुलेट बिना लॉक किए फिटनेस जिम के बाहर सड़क पर खड़ी की थी. 26 फरवरी की रात अज्ञात चोर बुलेट चोरी कर ले गया, जिसका नंबर एमएच 05 सीडब्ल्यू 6550 है. पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है.

## कैम्प-5 में सार्वजनिक शौचालय की होगी मरम्मत

■ शौचालय के लिए 25 लाख का फंड स्वीकृत




**उल्हासनगर.** तानाजीनगर के कैंप नंबर-5 का सार्वजनिक शौचालय की हालत दयनीय हो गई थी और नागरिकों ने इसके मरम्मत की मांग की थी. जिसके बाद मनपा ने इसके पुनर्निर्माण के लिए 25 लाख का फंड मंजूर किया है.

उल्हासनगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए एमएमआरडीए ने दो मंजिला शौचालय बनाने और इसे मनपा को हस्तांतरित करने की पहल की। मनपा ने अधिकांश शौचालयों की देखरेख के लिए एक सामाजिक संस्था को दे दिया। कुछ शौचालयों का रखरखाव मनपा स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जाता है। इनमें से कई शौचालय गंदे और खतरनाक स्थिति में हैं।

कैंप नंबर-5 गणेशनगर और तानाजीनगर के शौचालय धोखादायक हो गए हैं. शौचालयों के दरवाजे टूट गए हैं और पानी भी नहीं रहता है. जिसका उपयोग स्थानीय नागरिक और महिलाएं कर रही हैं। स्थानीय नागरिकों ने शौचालय के पुनर्निर्माण की मांग की है. आखिरकार मनपा ने तानाजीनगर में शौचालय के लिए 25 लाख का फंड स्वीकृत कर दिया है और गणेशनगर में शौचालय के पुनर्निर्माण की मांग उठी है.

श्रमिक नेता व स्थानीय नागरिक राधाकृष्ण साठे ने कहा कि शौचालय का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाये, अन्यथा अगले हादसे के लिए मनपा प्रशासन जिम्मेदार होगा. मनपा के बांधकाम विभाग ने तानाजीनगर में शौचालय के लिए फंड दिया है और गणेशनगर में शौचालय के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव विचाराधीन है।

## मुंबई-नासिक हाइवे पर लग रहा भारी जाम

■ साकेत क्षेत्र में चौड़ीकरण का चल रहा काम



**ठाणे.** राज्य सड़क विकास निगम ने यातायात की दृष्टि से महत्वपूर्ण मुंबई-नासिक हाइवे पर मजीवाड़ा फ्लाईओवर के पास कंक्रीटिंग का काम शुरू कर दिया है. इन कंक्रीटिंग कार्यों के लिए, मुख्य सड़क के कुछ हिस्सों में मशीनरी लगाई गई है और इससे हाइवे पर ट्रैफिक जाम की समस्या शुरू हो गई है। इस काम में दो महीने का समय लगेगा और इसके चलते अगले दो महीने तक इस रूट से जुड़ने वाले ठाणे, भिवंडी, मुंब्रा रूट की सभी सड़कें व्यस्त रहेंगी

मुंबई-नासिक हाइवे पर नासिक, मुंब्रा बाईपास और भिवंडी की ओर हजारों वाहन चलते हैं। भिवंडी, पडघा, नासिक इलाके में गोदाम होने के कारण इस मार्ग पर भारी वाहनों की भरमार रहती है। समृद्धि महामार्ग से भी इस सड़क से जोड़ा जाएगा और इसके लिए राज्य सड़क विकास निगम द्वारा इस सड़क के चौड़ीकरण का कार्य किया गया है। पहले यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन थी। लेकिन उनके द्वारा इस सड़क का रखरखाव नहीं किये जाने के कारण हर वर्ष बरसात के मौसम में सड़क पर गड्ढे पड़ जाते हैं. इसका असर यातायात पर पड़ने से यहां वाहनों की कतारें लग जाती हैं। समृद्धि महामार्ग के शुरू हो जाने के बाद भविष्य में इस मार्ग पर यातायात का भार बढ़ेगा। इसके चलते राज्य सड़क विकास निगम ने 2021 में इस सड़क को गड्ढामुक्त करने के साथ ही इसके चौड़ीकरण का काम भी अपने हाथ में लिया है। ठाणे में माजीवाड़ा से पडघा तक सड़क को चौड़ा किया जा रहा है और माजीवाड़ा फ्लाईओवर से साकेत ब्रिज के बीच अंतिम चरण का काम चल रहा है। चौड़ीकरण के साथ-साथ सड़क का कंक्रीटीकरण किया जा रहा है। इस काम के लिए कुछ रूटों पर जहां ट्रैफिक चल रहा है और इस वजह से साकेत से माजीवाड़ा तक दिक्कत होने लगी है. यह काम अगले दो महीने तक चलेगा और उम्मीद है कि यह दुविधा तब तक बनी रहेगी.

## अग्निकांड में बेघर झोपड़ावासियों की मदद जारी

■ विधायक किणीकर ने किया दौरा

■ तहसीलदार को तत्काल 10-10 हजार की मदद देने के कहा



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के सर्कस मैदान की झोपड़ियों में जबरदस्त आग लगने से 50 झोपड़े जलकर स्वाहा हो गए थे. इस मैदान में भटके विमुक्त जाति के गरीब रहते हैं. उनका पूरा संसार जलकर तबाह हो गया है. अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने तबाह हो गई झोपड़ियों के मलबे को देखा. उनकी आपबीती को सुना. विधायक ने अंबरनाथ के तहसीलदार से कहा कि प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को तत्काल, दस-दस हजार रुपए सहायता की जाए. उनके साथ पूर्व उप नगराध्यक्ष अब्दुल शेख, भटके विमुक्त के नेता इंगोले भी थे. पीड़ितों को अंबरनाथ व्यापारी संघ एवं शिवसेना के विकास सोमेश्वर, राहुल सोमेश्वर ने अन्नदान किया है और कर रहे हैं. दि युवा यूनिटी फाउंडेशन की ओर से कंबल, मच्छरदानी और चटाइयां वितरित की गई हैं. प्रदीप पाटिल ने भी वाटर टैंकर से पानी मारकर आग को बुझाने में मदद की थी. ये गरीब पीड़ित अब अपने बाल-बच्चों के साथ खुले आसमान के तले रात में सो रहे हैं और दिन में पेड़ों के साए में अपना गुजर-बसर कर रहे हैं. अब जरूरत है उनको झोपड़ा फिर से बनाकर देने वाले दानवीरों की. इनके कपडे, बर्तन, सारा जरूरी सामान, यहां तक कि उनकी जमापूंजी हजारों रुपए भी जलकर राख हो गए हैं. उनकी जली हुई झोपड़ियों की राख हवा में उड़ रही है.

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

## संपादकीय

### ईडी के समन की अनदेखी

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने शराब घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन भेजा है, मगर अब तक वे कोई न कोई वजह बता कर उसके सामने पेश होने से बचते रहे हैं। अब उनका कहना है कि अगर अदालत इस संबंध में आदेश देगी तभी वे प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होंगे। हालांकि यह समझना मुश्किल है कि किसी सरकारी एजंसी की ओर से इस तरह बार-बार समन भेजे जाने की अनदेखी करने की वजह क्या सिर्फ खुद को निर्दोष मानना है या फिर आंख-मिचौली जैसा कोई खेल है, जिसमें आखिरकार उनसे पूछताछ होनी ही है। अगर उन्हें लगता है कि ईडी बिना किसी ठोस आधार के उन्हें बुला रही है, तो समूचे मामले को पारदर्शी तरीके से उसके सामने रख देने में उन्हें क्यों हिचक हो रही है! फिर अगर आने वाले दिनों में अदालत ने उन्हें ईडी के सामने पेश होने का आदेश दे दिया, तब उनके मौजूदा रुख को किस तरह देखा जाएगा?

गौरतलब है कि दिल्ली सरकार ने सन 2021-22 के लिए आबकारी नीति के तहत जिन शराब व्यापारियों को लाइसेंस जारी किए थे, उन पर इसके लिए रिश्वत देने का आरोप है। मनपसंद कारोबारियों को लाइसेंस जारी किए गए। हालांकि आम आदमी पार्टी ने इन आरोपों को गलत बताया है, लेकिन अगर उसके वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ऐसे ही आरोपों के तहत हुई पूछताछ के बाद जेल में हैं और मुकदमे का सामना कर रहे हैं तो उसका कोई न कोई ठोस आधार होगा! शायद यही वजह है कि अब ईडी सरकार में सबसे अहम पद पर होने की वजह से अरविंद केजरीवाल को पेश होने के लिए कह रही है। अगर केजरीवाल को लगता है कि इस मामले में वे पूरी तरह पाक-साफ हैं तो पूछताछ से बचने के बजाय वे सारी तस्वीर सामने रख दे सकते हैं।

यह याद किया जा सकता है कि उनके मौजूदा राजनीतिक सफर में भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन छेड़ने, आरोपों पर जवाब देने और उसमें पारदर्शिता बरतने की मांग की एक बड़ी भूमिका रही है। इसलिए अब अगर भ्रष्टाचार के आरोपों के संदर्भ में उनसे पूरी तरह स्पष्टता और पारदर्शिता की उम्मीद की जा रही है, तो यह स्वाभाविक ही है।

# बिगड़ रहा है प्राकृतिक सन्तुलन, बढ़ रही हैं चुनौतियां

धरती पर प्राकृतिक सन्तुलन बनाए रखने और मानव जीवन के लिए सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जितना जरूरी आदमी है, उतने ही जरूरी अन्य जीव जन्तु और पादप भी हैं।

इसी तरह हमारे जीवन में बहुत काम आने वाले पालतू पशु जितने जरूरी हैं, उतने ही जरूरी वन्य जीव जन्तु भी हैं। इनमें से भी अगर केवल वनस्पतियों पर निर्भर जीव जन्तु ही धरती पर रहेंगे तो यह धरती वनस्पति विहीन हो जाएगी, इसलिए दूसरे जीवों को खाने वाले मांसाहारी जीवों का सही अनुपात में सलामत रहना बहुत जरूरी है। लेकिन दुर्भाग्य से यह प्राकृतिक सन्तुलन बिगड़ गया है। इस असन्तुलन के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष चिन्ताजनक स्थिति जक पहुंच गया है।

सुनने में तो बहुत अच्छा लग रहा है कि देश में बाघों और तेंदुओं जैसे मांसाहारी जीवों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है। कूनो पार्क में विदेश से लाए गए चीतों की वंश वृद्धि की सूचना है। देश में बाघों की संख्या 3683 तक पहुंच गई। लेकिन दूसरी तरफ केरल में वायनाड, कन्नूर, पलक्कड़ और इडुक्की जिलों की मानव वन्यजीव संघर्ष की इस सरकारी रिपोर्ट के आकड़े भी देखिए जिनमें कहा गया है कि 2022-23 में इन जिलों में 8,873 जंगली जानवरों के हमले दर्ज किए गए, जिनमें से 4193 जंगली हाथियों द्वारा, 1524 जंगली सूअरों द्वारा, 193 बाघों द्वारा, 244 तेंदुओं द्वारा और 32 बाइसन द्वारा किए गए थे।

उत्तराखण्ड की राजधानी के कुछ इलाकों में लोगों को रात को



घरों से न निकलने की सलाह प्रशासन द्वारा दी गई है। मुख्यमंत्री ने राज्य में गुलदारों के बढ़ते हमलों को देखते हुए वन विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा रखी है।

श्रीनगर गढ़वाल में तो मानों गुलदारों को रात का पहरा देने की ड्यूटी लगी हो। देहरादून महानगर के आसपास जनवरी और फरवरी में मानवभक्षी तेंदुए तीन लोगों को निवाला बना चुके हैं।

## देशभर में वन्यजीवों के हमले बढ़े

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अश्वनि कुमार चैबे द्वारा जुलाई 2022 में लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में दी गई लिखित जानकारी के अनुसार हाथियों ने 2019 से लेकर 2022 तक देश में 1,579 मनुष्यों को मार डाला। इनमें से सबसे अधिक 322 मौतें ओडिशा में हुईं, इसके बाद झारखंड में 291, पश्चिम बंगाल में 240, असम में 229, छत्तीसगढ़ में 183 और तमिलनाडु में 152 मौतें हुईं।

सन 2019 और 2021 के बीच बाघों ने अभयारण्यों में 125 मनुष्यों को मार डाला। इनमें से लगभग आधी मौतें महाराष्ट्र में हुईं। उत्तराखंड में हर साल मानव पशु संघर्ष बढ़ रहा है। राज्य गठन के वर्ष 2000 से लेकर 2022 तक, कुल 1,054 लोग वन्यजीवों के हमलों का शिकार हुए, 5,112 व्यक्ति ऐसे हमलों में घायल हुए। उत्तराखण्ड में गुलदारों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है और मानजीवन के लिए सर्वाधिक खतरा ये गुलदार ही बने हुए हैं।

## क्यों बढ़ रहा है मानव-वन्यजीव संघर्ष?

इस संकट के लिए बेजुबान वन्यजीवों को अकेले दोषी ठहराना न तो न्यायसंगत है और ना ही इससे कोई हल निकल सकता है। देखा जाए तो मनुष्य ही इस संघर्ष के लिए ज्यादा जिम्मेदार है। मानव आबादी बढ़ते जाने से उसका वन्यजीव आवासों में विस्तार होता जा रहा है जिससे वन्यजीवों के आवास की हानि और विखंडन हो रहा है। यह स्थिति वन्यजीवों को मानव बहुल क्षेत्रों में भोजन और आश्रय खोजने के लिए मजबूर करती है, जिससे संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है।

वनों की कटाई, कृषि और शहरीकरण जैसे भूमि उपयोग परिवर्तन वन्यजीव आवास और प्रवास पैटर्न को बदल देते हैं, जिससे जानवर मानव बस्तियों के निकट संपर्क में आ जाते हैं। जलवायु परिवर्तन पारिस्थितिक तंत्र को बदल रहा है और वन्यजीवों के व्यवहार, वितरण और भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रहा है। इससे जानवरों की गतिविधियों और सीमाओं में परिवर्तन हो सकता है।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

हम अपने जीवन के हरेक कार्य की समीक्षा करके देख सकते हैं कि वो हमें प्रभु के पास ले जा रहा है या उनसे दूर।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अब रावी सिर्फ भारत में बहेगी

बात 2016 की है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए जम्मू-कश्मीर व पंजाब के लाखों किसान परिवारों के हित में रावी नदी के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकने का साहसी फैसला लिया था। यह फैसला अब हकीकत बन गया है। शाहपुर कंडी बांध के पूरा होने और पाकिस्तान को पानी रोकने से दोनों राज्यों के किसानों के चेहरे पर खुशी लौट आई है। अब जम्मू के कठुआ और सांबा जिलों की 1,27,587 बीघे और पंजाब की 20,624 बीघे जमीन की सिंचाई सुनिश्चित हो सकेगी। देश के सर्वोच्च हितों का ख्याल रखते हुए और 1960 की सिंधु जल संधि की मूल भावना के अनुरूप रावी नदी पर 3,300 करोड़ रुपये की लागत से तैयार शाहपुर कंडी परियोजना जम्मू व पंजाब के लिए समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत करेगी।

यह कठुआ और सांबा जिले के लिए 32 वर्षों बाद एक सपने के सच होने जैसा है, क्योंकि यहां के लोगों को सिंचाई सुविधाओं की कमी के चलते परेशानी उठानी पड़ती थी। इसके अलावा, इस वर्ष के अंत तक तैयार होने वाली 206 मेगावाट की परियोजना से पंजाब के किसान लाभान्वित होंगे। इस पूरे मामले में पाकिस्तान ने सतर्कतापूर्ण चुप्पी साधी हुई है।

पहले कहा जा रहा था कि रावी का पानी रोके जाने पर पाकिस्तान में काफी हल्ला मचेगा, लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ, तो इसकी वजह है कि 1960 की सिंधु जल संधि के प्रावधानों का कहीं कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। इस संधि के अनुसार, रावी, सतलज व ब्यास नदी के पानी पर भारत का और झेलम, सिंधु व चिनाब के पानी पर पाकिस्तान का विशेष अधिकार होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2016 में ही घोषणा की थी कि भारत रावी, सतलज व ब्यास नदियों के पानी के समुचित उपयोग व पाकिस्तान में बहने वाले पानी की बर्बादी को रोकने के लिए तार्किक कदम उठाएगा। तीनों नदियों के पानी के उपयोग और इसे जम्मू-कश्मीर व पंजाब के किसानों को उपलब्ध कराने की पद्धति का अध्ययन करने के लिए एक टास्क फोर्स का भी गठन किया गया था।

इससे पहले 1995 में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय नरसिंह राव ने शाहपुर कंडी बांध की आधारशिला रखी, लेकिन यह पंजाब व जम्मू-कश्मीर सरकारों की खींचतान में उलझ कर रह गया। राजनीतिक वजहों से इसके क्रियान्वयन में जो साढ़े चार वर्ष की देरी हुई, उससे इसकी लागत 2,793 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,300 करोड़ रुपये हो गई। प्रधानमंत्री मोदी के हस्तक्षेप व प्रधानमंत्री कार्यालय में केंद्रीय राज्य मंत्री, जो खुद जम्मू के निवासी हैं, के प्रयासों से गाड़ी फिर से पटरी पर लौटी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से इसके लिए आवश्यक वित्त की व्यवस्था हुई। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने केंद्र को अपना हिस्सा साठ से घटाकर चौदह फीसदी करने के लिए राजी किया। इस परियोजना में 71.39 फीसदी बिजली और 28.61 फीसदी सिंचाई से जुड़े घटक भी शामिल हैं। केंद्र ने इसे नाबार्ड के जरिये वित्तपोषित किया है। पंजाब के पठानकोट जिले में रावी नदी पर वर्तमान सागर बांध के डाउनस्ट्रीम पर स्थित शाहपुर कंडी बांध की ऊंचाई 55.5 मीटर है। इसमें दो पावर हाउस भी हैं, जो राजस्व कमाने के लिए सिंचाई और बिजली के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इस परियोजना से जम्मू के किसानों की बंजर जमीन का शाप खत्म हो सकेगा, जो कि कंडी का शाब्दिक अर्थ है। इस परियोजना से हरियाली बंजर भूमि का स्थान लेगी और बाढ़ व तबाही का नियमित खतरा कम हो जाएगा। 1,378 मीटर की तीसरी जे एंड के नहर कठुआ के 512 गांवों की छह लाख से ज्यादा आबादी और सांबा के 368 गांवों की तीन लाख से ज्यादा आबादी को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराएगी।

# अंगारों को गोलगप्पे की तरह गटक जाता है विष्णु

आग से खेलने की कहावत तो हम सबने बहुत सुनी लेकिन देखी नहीं. लेकिन करौली में एक ऐसा ही युवक है. आग से खेलना इसका शौक है. देखने

## जरा हट के

वाले की सांस अटक जाती है लेकिन ये युवक धधकते अंगारों को रसगुल्ले की तरह गपा गप खा जाता है.

बातों के अंगारे उगलते हुए तो आपने अक्सर लोगों को देखा होगा और शायद, दहकते हुए अंगारों पर चलते हुए लोगों को भी देखा होगा. लेकिन, क्या कभी आपने इन्हीं आग में से निकले हुए, धधकते हुए अंगारों को मुंह से निगलते हुए किसी को देखा है.? अगर नहीं देखा तो आज लोकल 18 आपको राजस्थान के करौली में रहने वाले एक ऐसे ही युवक के बारे में बताने जा रहा है जो दहकते हुए अंगारों को निगल जाता है.

ऐसा न करें, जान भी जा सकती है

भांकरी गांव में रहने वाला विष्णु शर्मा अभी 28 साल का है. इस युवक के कारनामे देखकर हर कोई सहम जाता है. वैज्ञानिक दृष्टि से शायद ऐसा करना संभव न हो लेकिन करौली के इस युवक के लिए अंगारे खाना एक सरल और साधारण सी बात है. धधकते हुए अंगारे आग से निकालकर चबा जाना इस शख्स के लिए



बाएं हाथ का खेल है. जब लोकल 18 ने इसके लिए सामान्य चिकित्सालय के चिकित्सक से बात की तो डॉ शैलेंद्र गुप्ता ने बताया चिकित्सा विज्ञान के अनुसार मानव शरीर बहुत नरम होता है और उच्च तापमान के संपर्क को मानव शरीर सहन नहीं कर पाता. इसलिए ऐसा करना बहुत खतरनाक है. डॉक्टर गुप्ता ने यह भी बताया कि ऐसा करना जीवन के लिए खतराक हो सकता है. इसमें जान भी जा सकती है.

विष्णु शर्मा का कहना है अंगारे खाना उनके लिए एक सरल बात है. गरमा गरम अंगारे उन्हें गुलकंद के सामान लगते हैं. गुलकंद जिस प्रकार स्वादिष्ट होता है उसी प्रकार हमें यह गरमा गरम अंगारे खाने में स्वादिष्ट लगते हैं. वो कहते हैं आश्चर्य की बात यह है कि दर्जनों अंगारे खाने के बाद भी मुंह नहीं जलता. अंगारे खाने के बाद न तो उसे खाने की और न ही पानी की जरूरत पड़ती है. गांव के लोग तो इस युवक को कोयला वाले बाबा के नाम से पुकारते हैं.





# क्रिस्पी फ्रेंच फ्राइज

फ्रेंच फ्राइज खाना बच्चों को बहुत पसंद होता है। अक्सर लोगों इसे बर्गर या पिज्जा के साथ खाते हैं, लेकिन आप चाहें तो बाहर पैसे खर्च करने से बेहतर इन्हें घर पर ही बना लें। इन्हें बनाना बेहद आसान होता है और ये खाने में लाजवाब होते हैं। हम आपके लिए लेकर आए हैं इन्हें बनाने की आसान रेसिपी। जानें कैसे इन्हें घर पर बना सकते हैं।

**सामग्री :**

- 500 ग्राम आलू
- 2 कप रिफाइंड तेल
- नमक
- 3 चुटकी काली मिर्च

**विधि :**

आलू को धोकर अच्छे से धो लें और उन्हें न बहुत छोटे और न बहुत मोटे या पतले आकार में काटें। उनका आकार लंबाई और मोटाई में मध्यम होना चाहिए।



अब, आलू को धोकर अच्छे से साफ कर लें। उन्हें 10 से 15 मिनट के लिए बर्फ वाले पानी के कटोरे में रखें। इन्हें पानी में डुबाकर रखें नहीं तो ये काले पड़ जाएंगे।

अब एक गहरे तले वाले पैन में तेल गर्म करें। एक बार जब धुंआ दिखाई देने लगे, तो आंच कम कर दें और इसे कम आंच पर रखें। अब आलू को थोड़ा-थोड़ा करके डीप फ्राई करें। कम आंच पर पकाने से वे कुरकुरे हो जाएंगे और उनका रंग भी सुनहरा बरकरार रहेगा।

अतिरिक्त तेल निकाल कर इन्हें टीशू पेपर पर रखें। इन्हें हल्का ठंडा होने दें।अब नमक और काली मिर्च छिड़कें और अच्छे से टॉस करें। केचप के साथ तुरंत परोसें।

## आज का राशिफल

**मेष** : आज परिवार वालों का पूरा सहयोग मिलेगा. माँ जी से आपको सुख मिलेगा और उनसे धन लाभ हो सकता है. कार्यक्षेत्र में स्थितियां अच्छी रहेगी. आपके ट्रांसफर के योग बनेंगे.स्वास्थ्य के मामले में आज का दिन थोड़ा कमजोर है. दांपत्य जीवन में खुशियां रहेंगी.

**वृष** : आज परिवार से कोई दूर यात्रा पर जा सकता है. धार्मिक क्रियाकलापों में मन लगेगा. ऑफिस में मन कम लगेगा. काम से जी चुराने के योग बन रहे हैं, इसलिए थोड़ा ध्यान दें. पारिवारिक जीवन शांतिपूर्ण रहेगा. दांपत्य जीवन के लिए दिन कमजोर है.

**मिथुन** : आज लाभ होगा, मानसिक खुशी होगी. प्रेम जीवन में आज सफलता का दिन है. सुकून भरे पल बिताएंगे और जो लोग शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, उनका आज पढ़ाई में मन लगेगा. आप शादीशुदा हैं तो संतान को सुख मिलेगा जिससे आपको संतुष्टि प्राप्त होगी.

**कर्क** : आज का दिन ध्यान पूर्वक चलने के लिए है. कार्यक्षेत्र में काम पर ही फोकस करें अन्यथा स्थिति बिगड़ सकती है. पारिवारिक जीवन बढ़िया रहेगा और माता पिता का सुख मिलेगा. स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहने की संभावना है. अधिक व्यस्तता से बचें.

**सिंह** : आज उच्च शिक्षा प्राप्त करने की दिशा में सफलता मिलेगी. प्रेम संबंधों के लिए भी दिन बेहतर है. जिनकी शादी हो चुकी है, उनके दांपत्य जीवन में कुछ समस्याएं रह सकती हैं. कार्यस्थल पर आपका काम आपके लिए कोई खुशखबरी लेकर आ सकता है.

**कन्या** : आज जीवनसाथी का सहयोग मिलेगी. आपके काम में उम्मीदें जागेंगी. पारिवारिक जीवन में भी परिजनों का सहयोग आपको प्राप्त होगा. यात्राओं पर जाने के लिए समय अनुकूल नहीं है. झगड़े से बचना चाहिए. समाज में मान सम्मान बढ़ेगा.

**तुला** : आज इस दौरान खर्चे भी काफी अधिक रहेंगे, जिन पर नियंत्रण रखना आपके लिए आवश्यक होगा. दांपत्य जीवन में तनाव रह सकता है, जिससे बचने का प्रयास करना आवश्यक होगा. यदि किसी से प्रेम करते हैं तो आज उनसे मन की बात कह सकते हैं.

**वृश्चिक** : आज का दिन आपके लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है. निवेश किए गए धन से लाभ होगा. प्रेम जीवन में भी अंतरंग पलों में बढ़ोतरी होगी और अपने प्रिय के साथ समय बिताएंगे. शिक्षा में रुकावट का समय खत्म होगा.

**धनु** : आज रोजगार के प्रयास सफल रटठहेंगे. शुभ सूचना मिलेगी. व्यवसाय में आमदनी होगी. परिवार का साथ रहेगा. बीमा, बैंक आदि में निवेश शुभ रहेगा. पार्टनरों से मदद मिलेगी. आज दिनभर सकारात्मक वातावरण रहेगा. भाग्य का साथ मिलेगा.

**मकर** : आज निजी जीवन के लिए दिन अनुकूल है. परिवार के साथ समय बिताएंगे. परिवार का सहयोग भी काम में मिलेगा और पेशेवर जीवन में भी अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे. खर्च काफी अधिक रह सकते हैं. आवश्यक कार्यों पर ही खर्च होंगे.

**कुंभ** : आज किसी छोटी यात्रा पर जाने से मन भी प्रसन्न होगा और आपको कुछ नए सौदे मिलने की उम्मीद होगी, जिससे आपका व्यापार गति पकड़ेगा. इनकम में बढ़ोतरी होगी. खर्चों का बोझ भी आप पर रहेगा, फिर भी मन प्रसन्न रहने से कार्य में सफलता मिलेगी.

**मीन** : आपके मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी. धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे. कार्य क्षेत्र में स्थिति सामान्य रहेगी. पारिवारिक जीवन का तनाव आप पर हावी हो सकता है, इससे बचने का प्रयास करें. दांपत्य जीवन सामान्य रहेगा. दिनमान अनुकूल है.

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

**वेट लॉस से लेकर एसिडिटी की प्रॉब्लम को दूर करती है**

# काली मिर्च



काली मिर्च ऐसा मसाला है जिसे किसी भी डिश में डालने से स्वाद बढ़ जाता है. खासतौर पर अगर आपको डिश फीकी लग रही हो, तो आप काली मिर्च पाउडर डालकर उसे चटपटा बना सकते हैं. कई लोग चाय का स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें काली मिर्च पाउडर डालते हैं. काली मिर्च में पैपरीन नामक तत्व पाया जाता है. यह तत्व औषधीय गुणों से भरपूर है. इसमें आयरन, पोटैशियम, मैग्नीशियम, मैंग्नीज, जिंक, क्रोमियम, विटामिन ए जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं. काली मिर्च को किसी भी तरह से खाने के बहुत फायदे हैं.

## कब्ज दूर करे

कब्ज की समस्या है, तो काली मिर्च जरूर खानी चाहिए. इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए एक कप पानी में नींबू का रस और काली मिर्च का चूर्ण और नमक डालकर पीने से गैस व कब्ज की समस्या कुछ ही दिनों में ठीक हो जाती है.

## स्टेमिना बढ़ाए

गुनगुने पानी के साथ काली मिर्च का सेवन करने से शरीरिक क्षमता बढ़ती है. साथ ही शरीर में पानी की कमी भी दूर होती है. कभी-कभी ऐसा होता है कि एसिडिटी रहने की वजह से शरीर में हमेशा थकान रहती है, इस थकान को दूर करने के लिए काली मिर्च बहुत फायदेमंद है.

## डिहाइड्रेशन


आपको डिहाइड्रेशन की प्रॉब्लम है, तो काली मिर्च का गुनगुने पानी के साथ सेवन करने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती. इससे थकान भी नहीं होती. इससे आपकी स्किन ड्राय नहीं होगी. इस उपाय को सर्दी में जरूर फॉलो करना चाहिए.

## वेट लॉस

काली मिर्च और गुनगुना पानी शरीर में बढ़ा हुआ फैट कम करता है. साथ ही यह कैलोरी को बर्न करके वजन कम करने में भी मदद करता है. काली मिर्च को गर्म दूध में मिलाकर पीने से वेट कंट्रोल में रहता है. सुबह खाली पेट दूध पीना चाहिए.

# लिप लाइनर के ब्यूटी हैक्स

**लिप लाइनर का इस्तेमाल सिर्फ लिप्स पर ही नहीं बल्कि मेकअप में कई जगह किया जा सकता है. जैसे, अगर आपके पास कई लिप लाइनर हैं और आप किसी भी वजह से लिप्स पर इसका इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं, तो आप कई ब्यूटी हैक्स में इसका इस्तेमाल कर सकते हैं.**



## कलर आईलाइनर

आपको अगर आईलाइनर लगाने का शौक है, तो आप लिप लाइनर का इस्तेमाल कलर आईलाइनर के रूप में कर सकते हैं. इसके लिए आप आईलिड के ऊपर थिन लाइन ड्रा कर सकते हैं या फिर ब्लैक आईलाइनर के ऊपर थिन लाइन कलर लिप लाइनर की ड्रा कर सकते हैं.

## आईशैडो

आई मेकअप को हाइलाइट करने के आप एक साथ दो या तीन कलर के लिप लाइनर को आइज पर अप्लाई कर सकते हैं. इसके बाद आप आईशैडो ब्रश की मदद से इसे अच्छी तरह ब्लेंड करें और इससे आपको स्मूद लुक मिलेगा. यह लुक फ्यूजन या वेस्टर्न पर बहुत अच्छी लगता है.

## स्मोकी आईज

स्मोकी आईज बनाने के लिए यह जरूरी नहीं है कि आप ब्लैक आईलाइनर का ही इस्तेमाल करें, बल्कि आप कलरफुल इफेक्ट देकर भी स्मोकी आईज लुक क्रिएट कर सकते हैं. इससे आपका लुक बहुत ही यूनिक लगेगा.

## ब्लशर

नेचुरल ब्लश के लिए भी लिप लाइनर को यूज किया जा सकता है. इसके लिए आप रेड या पिंक ब्लशर का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आपको थोड़ा-सा लिप लाइनर दोनों गालों पर लगाकर इसे ब्यूटी ब्लेंडर से ब्लेंड कर लेना है. इससे आपका लुक बहुत ही नेचुरल दिखाई देगा. आपको एक बात का ध्यान रखना है कि लिप लाइनर मैट फिनिश वाला हो.

# रात में मुश्किलों से आती है नींद?





रात की नींद का अच्छा होना बेहद जरूरी है. क्योंकि रात की नींद पर ही आपका अगला दिन डिपेंड करता है. अगर रात में नींद पूरी नहीं होती है तो आप अगले दिन चिड़चिड़े रहते हैं. कई लोग इतना परेशान हो जाते हैं कि वह नींद की गोली का सहारा लेते हैं. ऐसे में इसे रोजाना खाने से आपकी बॉडी पर कई तरह के साइड इफेक्ट हो सकते हैं. ऐसे में आपको बता रहे हैं घरेलू और आयुर्वेदिक उपाय के बारे में जिसको अपना कर आपको अच्छी और गहरी नींद आएगी.

इसके लिए अश्वगंधा और सर्पगंधा बराबर मात्रा मे पीस कर एक चूर्ण बनाएं. रात को सोने से पहले चार से पांच चूर्ण एक गिलास पानी के साथ जाएं. इस आयुर्वेदिक दवा से आपको अच्छी और गहरी नींद मिलेगी.


अश्वगंधा को काफी लंबे समय से औषधीय रूप से इस्तेमाल किया जाता है. ये शरीर को एनर्जेटिक बनाता है. इसे एक टॉनिक माना जाता है. अश्वगंधा का इस्तेमाल कई बीमारियों और ब्यूटी बढ़ाने वाले प्रोडक्ट बनाने में काम लिया जाता है. तनाव, चिंता, थकावट, नींद की कमी जैसी समस्याओं का कारगर इलाज अश्वगंधा से किया जा सकता है. वहीं बात हो सर्पगंधा की तो ये बॉडी को आराम देने, शांत करने और नींद के लिए बहुत अच्छा है.

अच्छी नींद के लिए रात में सोने से पहले हाथ और पैरों को ठीक से साफ करें और तेल की मदद से तलवों की मसाज करें. इसे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और थकान दूर हो जाती है.

वैसे तो ये नुस्खा पूरी तरह से नेचुरल है लेकिन फिर भी इसे अपनाने से पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें.

## चुटकुले

- **गोलू-** डॉक्टर साहब क्या आप मेरी बीमारी का पता लगा सकते हैं।
  **डॉक्टर-** हां, तुम्हारी आंखें बहुत कमजोर हैं।
  **गोलू-** इतनी जल्दी आपको कैसे पता चल गया?
  **डॉक्टर-** तुमने बाहर बोर्ड पर नहीं पढ़ा कि मैं जानवरों का डॉक्टर हूं।
- रेलवे स्टेशन पर लिखा था- 'बिना टिकट यात्रा करने वाले होशियार!
  ट्रेन के इंतजार में खड़े चिंटू ने ये लाइन पढ़ी और बोला- वाह! जो टिकट न खरीदें वो होशियार और हमने खरीद रखी है तो हम बेवकूफ?



- **जज-** घर में मालिक के रहते हुए तुमने चोरी कैसे की?
  **गोलू-** जज साहब आपकी अच्छी नौकरी है, अच्छी सैलरी है.
  फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे...?
- **लड़की-** तुम क्या कर रहे हो
  **लड़का-** मच्छर मार रहा हूं
  **लड़की-** कितने मारे ?
  **लड़का-** 5 मारे, 3 फिमेल ओर 2 मेल
  **लड़की-** कैसे पता चला, मेल है या फिमेल
  **लड़का-** 3 आईने के पास बैठे थे और 2 बियर के पास

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### सिरफिरे पति ने पत्नी की दिनदहाड़े की हत्या, फिर छोटे भाई को भी मार दी गोली

**सहारनपुर.** सहारनपुर में एक सिरफिरे युवक ने गोली मारकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। एटीएम से पैसे निकालते वक्त उसने इस वारदात को अजाम दिया। इसके बाद घर पहुंचकर उसने अपने भाई पर भी फायरिंग कर दी। जिसमें गोली लगने से भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया। ये घटना मंडी थाना क्षेत्र के रायवाला का है। जहां महंगदी सराय की रहने वाली जाफरा परवीन का निकाह करीब पांच साल पहले वर्धमान कॉलोनी निवासी जीशान के साथ हुआ था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था जिस कारण वह अपने मायके में ही रह रही थी। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह जाफरा एटीएम से पैसे निकालने के लिए गई थी। जैसे ही वह एटीएम पर पहुंची तो जीशान ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद वह अपने घर पर पहुंचा जहां पर उसने अपने छोटे भाई रिहान पर भी फायरिंग कर दी। रिहान भी गोली लगने से घायल हो गया। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में खलबली मच गई।

### छेड़छाड़ से तंग 9वीं की छात्रा ने की खुदकुशी


**अमरोहा.** अमरोहा में हमउम्र किशोर की छेड़छाड़ से तंग आकर 15 साल की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके इस कदम के बाद दोनों पक्ष भिड़ गए। पथराव के बाद दोनों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिससे भगदड़ मच गई। दूसरी ओर आत्महत्या और दो पक्षों में लड़ाई की सूचना मिलने पर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और हालत पर काबू पाया। फंदे से लटकते छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया। इस मामले आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एफआईआर भी दर्ज की गई है। ये घटना देहात थाना क्षेत्र के एक गांव की है। यहां अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले एक किसान की 15 साल की बेटी नौवीं की छात्रा थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला बिरादरी का ही एक हमउम्र युवक आए दिन छात्रा को परेशान करता था। अक्सर रास्ता रोकर उसके साथ छेड़छाड़ करता था। बताया जा रहा है कि सोमवार शाम जब युवती कूड़ा डालने गई तो युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

# महाराष्ट्र कांग्रेस में फिर भगदड़

## अब राज्य के पूर्व मंत्री बसवराज पाटिल मुरुमकर ने छोड़ दिया साथ

**मुंबई.** लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र कांग्रेस में फिर से उथल-पुथल नजर आ रही है। राज्य के पूर्व मंत्री बसवराज पाटिल मुरुमकर ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। पाटिल 1999 से 2004 के बीच महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे थे। वह ओमेरगा-लोहारा और औसा विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के अभिमन्यु पवार से हार गए थे। कांग्रेस का दावा है कि पाटिल के हाथ का साथ छोड़ने से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। पार्टी नेता अभय सालुंके ने बताया कि उनके साथ छोड़ने से कोई असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि वह 2019 के चुनाव में हारने के बाद से जनता के साथ संपर्क में नहीं थे।

बसवराज पाटिल मुरुमकर को लेकर अब यह चर्चा है कि वो भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर अभी तक उनकी ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।



मालूम हो कि हाल के दिनों में महाराष्ट्र कांग्रेस के कई सीनियर नेताओं ने पार्टी छोड़ी है। इनमें अशोक चव्हाण, मिलिंद देवड़ा और बाबा सिद्दीकी जैसे प्रमुख चेहरे शामिल हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद चव्हाण बीजेपी में शामिल हुए हैं। वहीं, देवड़ा अब एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि इन दोनों नेताओं को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। दूसरी ओर, बाबा सिद्दीकी उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ गए हैं।

### गुजरात में भी कांग्रेस को लगा बड़ा झटका




लोकसभा चुनाव से पहले गुजरात में भी कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। राज्यसभा सदस्य व पूर्व केंद्रीय मंत्री नारण राठवा अपने बेटे और कई समर्थकों के साथ मंगलवार को बीजेपी में शामिल हो गए। गुजरात के छोटा उदयपुर से जनजातीय नेता राठवा का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल इस साल अप्रैल में समाप्त हो जाएगा। वह 5 बार लोकसभा सदस्य चुने जा चुके हैं। वह 1989, 1991, 1996, 1998 और 2004 में लोकसभा सदस्य बने। राठवा के बेटे संग्रामसिंह ने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति (एसटी)-आरक्षित छोटा उदयपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था.

# राहुल की वायनाड सीट से दावेदारी पर लेफ्ट का सवाल



**वायनाड.** 'INDIA' विपक्षी गठबंधन के सदस्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी यानी CPI ने वायनाड से उम्मीदवार का ऐलान कर दिया है। खास बात है कि यह सीट गठबंधन के ही साथी कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी का संसदीय क्षेत्र है। अब लेफ्ट के इस फैसले के साथ ही राहुल के चुनाव लड़ने की संभावित सीटों पर चर्चा तेज हो गई है। इधर, वायनाड से सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा का कहना है कि आखिर इस सीट से लड़कर कांग्रेस या राहुल गांधी को क्या हासिल होगा?

एक बातचीत में राजा ने केरल की सीट शेयरिंग पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि राज्य में सालों से LDF बना UDF रहा है और यहां कोई भी INDIA गठबंधन नहीं है। साल 2019 में भी सीपीआई ने वायनाड सीट से चुनाव लड़ा था। कांग्रेस सांसद राहुल के सामने चुनाव लड़ने को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस या राहुल गांधी को केरल से चुनाव लड़ने से क्या मिलेगा।

### 'कांग्रेस को सोचना पड़ेगा'

राजा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस और वाम दल फासीवादी ताकतों के खिलाफ लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास सुरक्षित सीटों के लिए कई विकल्प भी हैं, ये तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक... जैसे कई जगहों पर हो सकती है। उन्होंने सवाल किया कि अगर बड़ी तस्वीर देखें... तो कांग्रेस की राजनीति क्या है? अगर वे वाकई गंभीरता से इन फासीवादी ताकतों से लड़ रहे हैं, तो उन्हें सोचना होगा।

# गगनयान के 4 एस्ट्रोनॉट्स के नामों का ऐलान

## PM ने कहा- ये 140 करोड़ लोगों की उम्मीदों को स्पेस में ले जाने वाली शक्तियां

**तिरुवनंतपुरम.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (VSCC) पहुंचे। उनके साथ ISRO चीफ एस सोमनाथ भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने यहां लगभग 1800 करोड़ रुपए के तीन स्पेस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और देश के पहले मैन्ड स्पेस मिशन गगनयान का रिव्यू किया। प्रधानमंत्री ने गगनयान मिशन पर भेजे जाने वाले एस्ट्रोनॉट्स के नामों का ऐलान भी किया और उन्हें एस्ट्रोनॉट विंग्स दिए। जिन एस्ट्रोनॉट्स को गगनयान मिशन पर भेजा जाएगा, उनमें- ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं। चारों की ट्रेनिंग रूस में हुई है।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि कुछ देर पहले देश पहली बार 4 गगनयान यात्रियों से परिचित हुआ। ये सिर्फ 4 नाम या 4 इंसान नहीं हैं, ये वो चार शक्तियां हैं जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष तक ले जाने वाली हैं। 40 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है, लेकिन इस बार वक्त भी हमारा है, काउंट-डाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है।




### 4 एस्ट्रोनॉट्स के बारे में 4 बातें...

1. चुने गए चारों एस्ट्रोनॉट्स इंडियन बेंगलुरु स्थित एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट एंड सिस्टम टेस्टिंग एस्टिब्लिशमेंट के टेस्ट पायलट्स हैं।
2. एस्ट्रोनॉट बनने के लिए बड़ी संख्या में पायलट्स ने एप्लिकेशन दी थी। इनमें से 12 ने सितंबर 2019 में पहले लेवल का सिलेक्शन प्रोसेस कम्प्लीट किया था। इसके बाद कई राउंड के सिलेक्शन राउंड के बाद 4 को सिलेक्ट किया गया।
3. जून 2019 में ISRO और रूस की स्पेस एजेंसी के बीच पायलट्स की ट्रेनिंग के लिए करार हुआ था। इसके बाद इन पायलट्स को रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर भेजा गया। यहां पर फरवरी 2020 से मार्च 2021 तक इनकी ट्रेनिंग हुई।
4. कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि इन एस्ट्रोनॉट्स में से किसी एक को अमेरिकी स्पेस एजेंसी NASA भी ट्रेनिंग देगी। यह ट्रेनिंग 2024 के आखिर में इंटरनेशल स्पेस स्टेशन के एक मिशन के लिए होगी।

# संदेशखाली केस - शाहजहां शेख का करीबी अजित गिरफ्तार

- शाहजहां के भाई पर भी जमीन हड़पने का केस
- संदेशखाली में TMC नेता की हत्या

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में पुलिस ने शाहजहां शेख के करीबी TMC नेता अजित मैती को गिरफ्तार किया है। उस पर जमीन हड़पने के आरोप हैं। 23 फरवरी को भीड़ ने अजीत के घर हमला कर दिया था और उसे चप्पलों से पीटा था। उधर, बारासात की गुमाह-1 पंचायत के उप प्रमुख बिजॉय दास की सोमवार को हत्या कर दी गई। बिजॉय घर के बाहर घूम रहे थे, तब उन्हें गोली मारी गई। वहीं, संदेशखाली के बेड़मजूर में हालदार आड़ी के गोदाम में भीड़ ने आग लगा दी, जबकि शंकर सरदार के घर में तोड़-फोड़ की। उधर, पुलिस ने शाहजहां के भाई सिराजुद्दीन के खिलाफ जमीन हड़पने का केस दर्ज कर लिया है। दरअसल, संदेशखाली में महिलाओं ने TMC नेता शाहजहां शेख पर यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के गंभीर आरोप लगाए थे। महिलाओं का कहना है कि शाहजहां शेख जिसे चाहे उसे अपनी हवस का शिकार बनाता था। शाहजहां शेख राशन घोटाला मामले में ED के रेड के बाद से फरार है।

### हाईकोर्ट ने बंगाल सरकार को फटकारा कहा- शाहजहां को गिरफ्तार करो

यौन उत्पीड़न के मामलों का मुख्य आरोपी तृणमूल नेता शाहजहां शेख 5 जनवरी से फरार है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर लीपापोती कर रही राज्य सरकार को कोलकाता हाईकोर्ट ने सोमवार को फिर फटकार लगाई। चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम ने आदेश दिया कि पुलिस हर हाल में अगली सुनवाई में शाहजहां को कोर्ट में पेश करे।

### पूर्णिया में तेजस्वी की विश्वास यात्रा के दौरान हादसा

**पूर्णिया.** पूर्णिया में पूर्व डिप्टी CM तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा के दौरान काफिले में शामिल गाड़ी एक कार से टकरा गई। हादसे में एस्कॉर्ट गाड़ी के ड्राइवर (होमगार्ड जवान) की मौत हो गई। मृतक का नाम मो. हलीम (50) है, वो मधुबनी टीओपी के सिपाही टोला के रहने वाले थे। हादसा सोमवार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे हुआ। हादसे में 6 BSAP (बिहार स्पेशल आर्म्ड पुलिस) जवान घायल हैं। इनमें से 3 की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# मार्च से लागू हो सकता है CAA

## लोकसभा चुनाव से ठीक पहले होगा मोदी सरकार का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली.** नागरिकता संशोधन कानून मार्च से लागू करने की तैयारी है। मार्च के पहले सप्ताह में ही लोकसभा चुनाव का भी ऐलान होना है। ऐसे में सरकार आचार संहिता लगने से पहले ही यह बड़ा फैसला लेने जा रही है। इससे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से उत्पीड़न का शिकार होकर भारत में शरण लेने वाले हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख धर्म के लोगों को फायदा मिलेगा। इस नियम के तहत 31 दिसंबर, 2014 तक पड़ोस के तीन देशों से उत्पीड़न का शिकार होकर आए लोगों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी। अफगानिस्तान, पाक और बांग्लादेश तीनों ही इस्लामिक मुल्क हैं और यहां हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन पंथ के लोग अल्पसंख्यक हैं।

पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तान से बड़ी संख्या में लोग दशकों से पलायन करके भारत आते रहे हैं। दिल्ली, यूपी



समेत कई राज्यों में ये लोग बसे भी हैं, लेकिन लाखों की इस आबादी के पास भारत की नागरिकता नहीं है। इसके चलते उन्हें मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पाती हैं। ऐसे में इस कानून के लागू होने के बाद लोगों को नागरिकता मिलेगी तो वोट देने के अधिकार समेत तमाम चीजों की सुविधा हो जाएगी। यह कानून पहले ही संसद से मंजूर हो गया था, जिसे अब लागू किया जाएगा। बता दें कि दिल्ली समेत कई राज्यों इस कानून को मुस्लिम विरोधी बताते हुए इसके खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हुए थे। हालांकि सरकार का कहना है कि यह कानून किसी मजहब विशेष के खिलाफ नहीं है। सरकार का कहना है कि इससे सिर्फ पड़ोसी देशों में पीड़ित अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता मिल सकेगी, जिनकी स्वाभाविक शरणस्थली भारत ही है।

### हिंदू समेत 4 धर्मों के लोगों को मिलेगा फायदा

इसकी वजह यह है कि हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन धर्मों की शुरुआत भारत से ही हुई थी और कहीं भी इन धर्मों के लोग पीड़ित होने पर भारत की ओर ही देखते हैं। ऐसे में उन्हें राहत देने के लिए इस कानून को लाया गया है। गौरतलब है कि नागरिकता संशोधन कानून के तहत किसी नागरिकता नहीं जाएगी बल्कि उन शरणार्थियों को नागरिकता मिलेगी, जो दूसरे देशों से पीड़ित होकर आए हैं।

### पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट का कंटेंप्ट नोटिस

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले दवा विज्ञापनों पर रोक लगा दी है। दरअसल, कोर्ट ने पिछले साल कंपनी को ऐसे विज्ञापन नहीं देने का निर्देश दिया था। कंपनी ने इसे नजरअंदाज किया। इस पर कोर्ट ने कंपनी और मैनेजिंग डायरेक्टर (MD) आचार्य बालकृष्ण को अवमानना नोटिस जारी किया है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर पतंजलि की ओर से कहा गया- हम सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इंतजार कर रहे हैं। उनके निर्देशों का पालन करेंगे।

सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। वहीं खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया।

# इनेलो नेता नफे सिंह मर्डर - ब्रिटेन में बैठे गैंगस्टर पर शक

**बहादुरगढ़.** हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल (INLD) के प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या के पीछे विदेश में छुपे गैंगस्टर पर शक जताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ब्रिटेन में छुपे इस गैंगस्टर ने पहले भी राजनीतिक लोगों की हत्या की है। जिसमें कुछ समय पहले दिल्ली में एक भाजपा नेता की हत्या भी शामिल है। जिसमें इसी गैंगस्टर की भूमिका का पता चला था।

हरियाणा पुलिस ने दिल्ली और राज्य की जेलों में बंद इस गैंग के शूटर्स से पूछताछ करने की तैयारी कर ली है। इनकी लिस्ट बनाकर आज सभी जेलों में जांच की जाएगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एक CCTV फुटेज मिली थी, जिसमें इसी गैंगस्टर के गुर्गे नजर आए थे।

वहीं नफे सिंह राठी के परिवार को पुलिस ने सिक्योरिटी दे दी है। उनके बेटे जितेंद्र राठी ने इसकी पुष्टि की। इससे पहले पुलिस पर आरोप लगे थे कि खतरा होने के बावजूद नफे सिंह को सिक्योरिटी नहीं दी गई। नफे सिंह राठी के मर्डर की FIR में वीरेंद्र राठी, संदीप, राजपाल शर्मा के नाम भी जोड़े गए हैं। इससे पहले 7 लोग नामजद किए गए।

# मोहम्मद शमी ने लंदन में कराई सर्जरी



टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को लंदन में एड़ी की सफल सर्जरी करवाई। शमी ने अपने सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। शमी ने पिछले साल टीम इंडिया के लिए वनडे वर्ल्ड कप खेला था, इसके बाद से ही वह इंजरी के कारण क्रिकेट नहीं खेल सके।

शमी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी सर्जरी की जानकारी दी। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने भी शमी के जल्दी फिट होने की उम्मीद की।

### पीएम मोदी बोले- आप जल्द ही रिकवर हो जाएंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शमी के जल्दी फिट होने की उम्मीद की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'उम्मीद है कि शमी जल्द रिकवरी कर फिट हो जाएंगे। मुझे विश्वास है कि आप जल्द ही इंजरी से रिकवर कर जाएंगे।'

### शमी बोले- जल्दी बॉलिंग करूंगा

शमी ने सोशल मीडिया पर फोटोज पोस्ट कर लिखा, मेरी एड़ी का सक्सेसफुल ऑपरेशन हुआ। रिकवरी में टाइम लगेगा लेकिन मैं जल्द ही अपने पैरों पर खड़ा होकर बॉलिंग करने के लिए एक्साइटेड हूं।

### 8 महीने के लिए हो सकते हैं बाहर

सर्जरी के बाद शमी को करीब 3 से 4 महीने तक आराम करना पड़ सकता है। इसके बाद ही वह प्रैक्टिस शुरू करेंगे। NCA से फिटनेस क्लियरेंस मिलने के बाद ही उन्हें मैच खेलने की परमिशन मिलेगी। इसमें 6 से 8 महीने का समय लग सकता है। न्यूज एजेंसी PTI के अनुसार, सर्जरी के बाद शमी अब इंडियन प्रीमियर लीग नहीं खेल सकेंगे। उनका टी-20 वर्ल्ड कप खेलना भी मुश्किल है।

# बीजापुर में नक्सलियों के साथ मुठभेड़, 4 ढेर

- 4 दिन में तीसरा एनकाउंटर

**बीजापुर.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मंगलवार को हुई इस मुठभेड़ 4 नक्सलियों को ढेर किया गया है। मामला जांगला थाना क्षेत्र का है। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर जवान सर्चिंग पर निकले थे। 4 दिन के अंदर यह बस्तर में तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले रविवार को कांकेर जिले के हूरतराई जंगल में 3 नक्सलियों को मार गिराया गया था। वहीं शनिवार (24 फरवरी) को सुकमा जिले के बुर्कालंका में भी मुठभेड़ हुई थी।

### कमांडर समेत 40-50 नक्सली थे मौजूद

पुलिस के मुताबिक, सूचना मिली थी कि जिले के बड़े तुंगाली-छोटे तुंगाली के जंगल में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर जवानों को सर्च ऑपरेशन पर भेजा गया था। आज (27 फरवरी) जब सुबह जवान मौके पर पहुंचे तो नक्सलियों के साथ उनकी मुठभेड़ हो गई। यहां नक्सलियों के कंपनी नंबर-2 के प्लाटून कमांडर, जनताना सरकार अध्यक्ष एवं भैरमगढ़ एरिया कमेटी के 40 से 50 नक्सली मौजूद थे। दोनों तरह से हुई गोलीबारी में 4 नक्सलियों को मार गिराया गया है।

# रेप पीड़िता के हमलावर का एक पैर कटा, दूसरा काटना पड़ा

- रेलवे लाइन पर भाग रहा था, ट्रेन की चपेट में आया

**जयपुर.** 25 साल की रेप पीड़िता पर हमला करने वाले राजेंद्र यादव (33) को पुलिस ने मालवीय नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। 24 फरवरी की शाम को आरोपी ने युवती और उसके भाई पर जानलेवा हमला किया था। उसने कोटपूतली-बहरोड़ के प्रागपुरा थाने से 20 मीटर दूरी पर वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद भाग निकला था। सोमवार सुबह 7 बजे वह रेलवे लाइन ट्रेन की चपेट में आ गया। उसका एक पैर कट गया। दूसरे पैर पर भी चोट लगी, जिसे ऑपरेशन कर काटना पड़ा। उसे लहूलुहान हालत में 7.30 बजे एसएमएस ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है।

DGP राजस्थान यूआर साहू ने बताया- आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही थी। जिस दौरान ये घटना हुई, उस दौरान पुलिस आरोपी के पीछे नहीं थी। GRP ने ट्रेन से कटने की सूचना पुलिस को दी।

### राज्यसभा चुनाव- UP की 8 सीटें भाजपा ने जीतीं

**लखनऊ.** राज्यसभा की 15 सीटों के लिए मंगलवार 27 फरवरी को वोटिंग हुई। सुबह 9 बजे से जारी वोटिंग शाम 4 बजे खत्म हुई। 3 राज्यों उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में मतदान हुआ। सबसे पहले नतीजे कर्नाटक के आए। कर्नाटक में राज्यसभा की 4 सीटों पर हुई वोटिंग में कांग्रेस के अजय माकन, नासिर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर जीते। वहीं बीजेपी के नारायण बंदिगे ने जीत दर्ज की।

हिमाचल प्रदेश की एक सीट पर भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन ने कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को हराया है। दोनों को 34-34 वोट मिले थे। टॉस से विजेता का फैसला हुआ। हिमाचल में कांग्रेस के 6 विधायकों और सरकार को समर्थन दे रहे 3 निर्दलीय विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की खबर आई। राज्यसभा चुनाव को लेकर सुबह से ही गहमा-गहमी रही।


### आम सूचना

मैं श्रीमती सुमिता प्रवीण मध्ये सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक नं 1416 के पीछे, चरंग बाबा नगर, विक्रम प्रसाद, मराठा सेक्शन 32, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 41सीआय009416700) उक्त प्रॉपर्टी श्री प्रवीण जयवंत मध्ये के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 25.2.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुमिता प्रवीण मध्ये**

### आम सूचना

मैं श्री संतोष जियूट गुप्ता सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, सीताराम नगर, वैक्स फैक्ट्री के पास, सेक्शन 32,
उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 40सीओ009051100) उक्त प्रॉपर्टी श्री जियूट दुखांती गुप्ता के नाम पर है। मुझे श्रीमती गायत्री जीवत अल्यास जियूट गुप्ता, श्रीमती सुनीता संतोष गुप्ता, श्रीमती सरिता अनिल गुप्ता, श्रीमती अनीता शंभूनाथ गुप्ता और श्री शिवशंकर जियुट गुप्ता ने रिलीज एग्रीमेंट दि 20.2.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री संतोष जियूट गुप्ता**

### आम सूचना

मैं श्रीमती ज्योत्सस्ना प्रकाश पलांडे सभी को सूचित कर रही हूं कि 50 प्रतिशत शेयर, ब्लाक नं ए-453, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 40सीओ008949600) उक्त प्रॉपर्टी श्री वैभव प्रकाश पलांडे के नाम पर है। मुझे श्रीमती स्मिता श्रीकृष्णा चव्हाण ने रिलीज एग्रीमेंट द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्रीमती ज्योत्सस्ना प्रकाश पलांडे

### आम सूचना

मैं श्रीमती पूजा संतोष गुप्ता सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, सीताराम नगर, वैक्स फैक्ट्री के पीछे, गणपति मंदिर के पास, सेक्शन 32, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 40सीओ009051000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती गायत्री जे गुप्ता के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि 20.2.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती पूजा संतोष गुप्ता**

### आम सूचना

हम श्री विजय रामदास जाधव व श्रीमती वैशाली विजय जाधव सभी को सूचित कर रहे हैं कि घर, श्रीजी कालोनी, गजानन नगर, सरस्वती अपार्टमेंट के सामने, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 41सीआय009424000) उक्त प्रॉपर्टी मैंने श्री जगदीश एन परमार के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.4.2023 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विजय रामदास जाधव व श्रीमती वैशाली विजय जाधव**

## संक्षेप...

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण मुहिम

**ठाणे.** जिला में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण मुहिम 3 मार्च से ग्रामीण क्षेत्र अंबरनाथ, कल्याण, शहापुर, भिवंडी व मुरबाड तहसील और बदलापूर व अंबरनाथ नगरपालिका क्षेत्रों में किया जायेगा।

इस मुहिम को जिले के 5 तहसील के 5 साल के 1 लाख 36 हजार 756 बच्चों को पोलियो डोज दिया जायेगा और बदलापुर व अंबरनाथ नगरपालिका में 68हजार 595 बच्चों को पोलियो डोज दिया जायेगा।जिलाधिकारी अशोक शिनगारे व मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रुपाली सातपुते के मार्गदर्शन में यह मुहिम ग्रामीण व बदलापुर,अंबरनाथ नगरपालिका क्षेत्र में 1लाख 868 बूथ पर डोज देने की तैयारी है। इसके लिए 5 हजार 778 कर्मचारी कार्यरत रहेगें। यह 3 से 5 दिन तक चलेगा

यह जानकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गंगाधर परगे ने दिया। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए और अधिक से अधिक इस मुहिम का लाभ लेने के लिए आवाहन जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, मुख्यकार्यकारी अधिकारी डॉ. रुपाली सातपुते और जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने किया है।

# ‘नितेश राणे ने पुलिस की वर्दी का किया अपमान’

## कल्याण में बोली उद्धव गुट की नेता सुषमा अंधारे

आकिब शेख

**कल्याण.** चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने कमर कसली है। उनकी पार्टी के नेता राज्य भर में दौरा कर संगठन को फिर एक बार मजबूत बनाने की कोशिश में लगे है। इसी कड़ी में बुधवार को उद्धव गुट की आक्रामक छवि रखने वाली नेता सुषमा अंधारे ने ठाणे जिले के कल्याण का दौरा किया। पत्रकार परिषद के दौरान उन्होंने गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अपने विवादित बयानों से सुर्खियों में छाए रहने वाले भाजपा विधायक नितेश राणे पर जमकर निशाना साधा। सुषमा अंधारे ने भाजपा विधायक नितेश राणे द्वारा पुलिस कर्मचारियों को लेकर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा की। अंधारे ने कहा कि नितेश राणे का बयान व्यक्तिगत नहीं, बल्कि हर उस पुलिस वर्दी का अपमान है जो शहर वासी की हिफाजत करती है। पुलिस कर्मी तो



नौकरी की खातिर चुप है, लेकिन गृहमंत्री होने के नाते देवेंद्र फडणवीस ने नितेश राणे के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए ऐसी मांग सुषमा अंधारे ने की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि देवेंद्र फडणवीस केवल निष्ठावान शिव सैनिकों के खिलाफ ही अपनी समुचित ताकत का उपयोग करते हैं। बतादें कि कुछ दिन पहले नितेश राणे ने भरी सभा में कहा था कि पुलिस वाले मेरा कुछ बिगाड़ नहीं सकते। वे केवल वीडियो निकाल कर अपनी पत्नियों को दिखा सकते हैं।

### पार्टी का आदेश हो तो लड़ूंगी कल्याण लोकसभा

कल्याण लोकसभा में उम्मीदवारी को लेकर किए गए सवाल के जवाब में अंधारे ने कहा कि मेरे नाम की चर्चा भले ही हो, लेकिन पार्टी की तरफ से मुझे अभी तक कोई अधिकृत आदेश नहीं आया है। मुझे केवल काम करना है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी नेतृत्व अगर मुझ पर भरोसा जताता है, तो मैं किसी भी प्रत्याशी के सामने चुनाव लड़ने के लिए तैयार हूं। अंधारे ने दावा किया कि सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे के सामने चुनाव लड़ना मेरे लिए मुश्किल बात नहीं है। बतादें कि कल्याण लोकसभा के वर्तमान सांसद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सुपुत्र श्रीकांत शिंदे है।

# भिवंडी में जनसंवाद यात्रा का जोरदार स्वागत

## सुषमा अंधारे ने बीजेपी पर बोला जोरदार हमला




उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी लोकसभा क्षेत्र में सुषमा अंधारे की मुक्त जनसंवाद यात्रा जारी है. यात्रा भिवंडी तालुका के पडघा गांव पहुंची. पड़घा गांव में सैकड़ों शिवसैनिक महिला-पुरुषों ने सुषमाताई अंधारे का गर्मजोशी से स्वागत किया. कन्होबा मंदिर के दर्शन के बाद वह पैदल ही जिला परिषद स्कूल तक गयी.पडघा में आयोजित छोटेखानी बैठक का संचालन करते हुए सुषमा अंधारे ने कहा कि अब भाजपा के साथ-साथ शिवसेना शिंदे गुट के उपनेता प्रकाश पाटिल, विधायक शांताराम मोरे के विश्वासघात का हिसाब-किताब करने का समय आ गया है.उन्होंने भिवंडी से भाजपा सांसद और केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल पाटिल पर कड़ी टीका करते हुए कहा कि विकास के नाम पर जनता को धोखा दिया जा रहा है. खुद की तिजोरी भरने का काम चल रहा है. सुषमा अंधारे ने आलोचना करते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज की वीरता के प्रतीक उगते सूरज के भगवा रंग को लेकर डर महसूस कराने का समय आ गया है. उन्होंने कहा कि यह विकास की दृष्टि से एक बम है.

इस अवसर पर भिवंडी लोकसभा संपर्क प्रमुख रूपेश म्हात्रे, जिला प्रमुख विश्वास थले, तालुका प्रमुख कुन्दन पाटिल, उपजिला प्रमुख प्रकाश भोईर, आदिवासी विभाग जिला कार्यकारी अध्यक्ष महादेव घटाल, युवा सेना जिला अध्यक्ष एवं अल्पेश भोईर, भिवंडी शहर जिला प्रमुख मनोज गगे, दशरथ गुरुजी पाटिल, महिला शहर संयोजिका वैशाली मेस्त्री, तालुका महिला संयोजिका फशीताई पाटिल, सोन्या पाटिल और बड़ी संख्या में शिवसैनिक पुरुष और महिलाएं उपस्थित थे. सुषमा अंधारे ने कहा कि, नितेश राणे का यह बयान कि पुलिस वीडियो बनाकर महिलाओं को दिखाएगी, गृह मंत्रालय की खाकी वर्दी का अपमान है. दुख की बात है कि एक भी पुलिस अधिकारी इसके खिलाफ मामला दर्ज नहीं कर रहा है.

# 4 साल से फरार मर्डर का आरोपी यूपी से गिरफ्तार

उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** शांति नगर पुलिस स्टेशन अंतर्गत गुलजार नगर क्षेत्र से गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में 4 साल से फरार हत्या आरोपी को आखिरकार पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है।



शांतिनगर पुलिस स्टेशन में आयोजित पत्रकार परिषद में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शंकर इंदलकर ने बताया कि उत्तर प्रदेश के जिला प्रयागराज के फूलपुर में भूमि विवाद के चलते शांतिनगर मोहल्ले के रहने वाले सत्तार मंसूरी की गुलजार नगर में उत्तर प्रदेश के आरोपी ने व्यूह रच कर की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी और फरार हो गया था। जिसकी शांतिनगर पुलिस तलाश कर रही थी। उक्त मामले में शांतिनगर पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन मुख्य आरोपी वकील उर्फ शानू अब्बास मंसूरी वारदात को अंजाम देने के बाद से चार साल से फरार था। गुप्त मुखबिर से सूचना मिली कि वकील उर्फ शानू अब्बास मंसूरी उत्तर प्रदेश राज्य के जिला प्रयागराज स्थित फूलपुर क्षेत्र में है। इस जानकारी के आधार पर भिवंडी पुलिस उपायुक्त डॉ.श्रीकांत पारोपकारी, पूर्व संभाग सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले और शांतिनगर के वरिष्ठ पुलिस निरिक्षक शंकर इन्दलकर के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपड़े और पुलिस कर्मी श्रीकांत धायगुडे, रूपेश जाधव, प्रशांत बर्वे, पुलिस कांस्टेबल संतोष मोरे,रिजवान सैय्यद,किरण मोहिते दीपक सानप मनोज मुके व उनकी टीम जांच के लिए उत्तर प्रदेश रवाना हो गई है। पुलिस टीम ने फूलपुर जाकर थाना फूलपुर, प्रयागराज की मदद से भगोड़े अभियुक्त वकील उर्फ शानू अब्बास मंसूरी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त वकील उर्फ शानू अब्बास मंसूरी, फूलपुर थाने, प्रयागराज का गैंगस्टर अभियुक्त है, और उसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास जैसे 7 गंभीर अपराध दर्ज हैं।

## झोपड़पट्टी में लगी आग, एक की मौत

**भायंदर.** भायंदर में एक झुग्गी बस्ती में भीषण आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. आग की घटना होने से कई झोपड़ियां और दुकानें राख हो गई हैं. घटना सुबह करीब 6 बजे की बताई जा रही है. आगजनी के वक्त गैस सिलेंडर फटने की भी आवाजें आ रही थीं. आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की कुल 24 गाड़ियां मौके पर बुलाई गईं. दमकल विभाग का एक कर्मचारी भी आग बुझाने के दौरान घायल हुआ है. एजेंसी के मुताबिक आग लगने की इस घटना में कुल तीन लोग घायल हुए हैं.

MBMC के आयुक्त संजय काटकर ने कहा कि यह घटना आजाद नगर झुग्गी बस्ती में सुबह करीब पांच बजे हुई.

# स्टेशन का नाम श्रीस्थानक रखने की मांग

**ठाणे.** ठाणे और मुलुंड के बीच बनने वाले रेलवें स्टेशन का नाम श्रीस्थानक रखने के लिए पूर्व राज्यसभा सांसद विनय सहस्त्रबुद्धे ने रेलवें अधिकारियों के साथ हुई बैठक में कहा।उन्होंने कहा कि यह देश का पहला रेलवें स्टेशन था और प्राचीन काल में ठाणे का नाम श्रीस्थानक था इसलिए स्टेशन नाम रखने के लिए मांग किया।रेलवें के विभागीय व्यवस्थापक रजनीश गोयल ने ठाणे स्टेशन का दौरा कर यात्रियों के सुविधा का भी विस्तृत जानकारी ली।साथ ही बनने वाले नये रेलवें स्टेशन का काम तेज गति से करने के लिए पूर्व सांसद सहस्त्रबुद्धे ने बैठक में कहा।इसके अलावा ठाणे स्टेशन का नुतनिकरण करें और कल्याण-वाशी , ठाणे से वाशी, छत्रपती शिवाजी महाराज टर्मिनस व ठाणे -वसई के बीच लोकल सेवा सुरु हो और कोकण जाने वाली सभी गाड़ियों में अतिरिक्त डिब्बा जोड़े, अधिक से अधिक मेल गाड़ियों के आवागन को ठाणे में रोका जाय।हर प्लेटफार्म पर स्वचालित सीढ़ी का व्यवस्था करने के लिए कहा और तमाम मूलभूत सुविधाओं से नागरिक वंचित नही रहे इस पर विशेष ध्यान रखने की बात पूर्व सांसद सहस्त्रबुद्धे ने संबंधित अधिकारियों से कहा।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रग्बी टूर्नामेंट में SST कॉलेज का अच्छा प्रदर्शन

**उल्हासनगर.** एसएसटी कॉलेज के छात्रों ने हाल ही में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली पंजाब में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रग्बी टूर्नामेंट में शानदार सफलता हासिल की।

इसमें गर्ल्स टीम में मुंबई यूनिवर्सिटी की ओर से वैष्णवी पवार ने बेहतरीन खेल दिखाकर टीम को प्रथम स्थान दिलाने में








अहम योगदान दिया। वहीं लड़कों की टीम में एसएसटी कॉलेज के छात्र निशांत चव्हाण, सुमित चव्हाण और मुंबई यूनिवर्सिटी टीम के शिवप्रसाद शर्मा ने शानदार खेल खेलकर टीम को तीसरा स्थान दिलाया। कॉलेज के खेल निदेशक प्रो. राहुल अकुल एवं प्रो.पुष्कर पवार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उनकी सफलता के बारे में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, सभी शिक्षकों, अन्य कर्मचारियों और छात्रों ने बधाई दी। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज से मिले उत्कृष्ट प्रशिक्षण को दिया।

# SST कॉलेज के छात्रों ने मंत्रियों और विधायकों से की बातचीत

**उल्हासनगर.** लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है पत्रकारिता।भविष्य के पत्रकार तैयार करने वाले एसएसटी कॉलेज के मीडिया विभाग ने अपने छात्रों के लिए एक अनूठी गतिविधि का आयोजन किया। राज्य सरकार, वॉयस ऑफ मीडिया और शेठ बृजमोहन लड्डा सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'महाराष्ट्र भूषण' 2023 पत्रकारिता पुरस्कार, वॉयस ऑफ मीडिया 'सकारात्मक पत्रकारिता पुरस्कार' 2023 और वॉयस ऑफ मीडिया ऑफिसर अवार्ड 2023 में भाग लेते हुए मंत्री और विधायक से बातचीत कर उन्होंने अपने भीतर के भावी पत्रकार की पहचान कराई।

यह समारोह मुंबई के यशवंतराव चव्हाण प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर महाराष्ट्र के



कौशल रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे ) युवा सेना के अध्यक्ष आदित्य ठाकरे, कर्जत जामखेड विधान सभा विधायक रोहित पवार, परभणी विधान सभा विधायक राहुल पाटिल, प्रदेश अध्यक्ष, संभाजी बिग्रेड प्रविण गायकवाड, मुख्य संपादक सकाल मीडिया ग्रुप सम्राट फडनीस, सह सचिव कौशल रोजगार उद्यमिता नवाचार मंत्रालय डॉ. नामदेव भोसले एवं प्रमुख आयुष्मान भारत मिशन महाराष्ट्र ओमप्रकाश शेटे, वॉयस ऑफ मीडिया के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काले और वॉयस ऑफ मीडिया के क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल म्हस्के इस अवसर पर उपस्थित थे।

इस समारोह के अवसर पर एसएसटी कॉलेज के मीडिया विभाग के विद्यार्थीयों ने मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, विधायक रोहित पवार, विधायक आदित्य ठाकरे के साथ विद्यार्थियों ने सकारात्मक चर्चा की और उनमें भावी पत्रकार की प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर, मंत्री और विधायकों ने एसएसटी कॉलेज के छात्रों द्वारा चलाए जा रहे समाचार चैनल एसएसटी प्राइम बुलेटिन और समाचार पत्र ExpreSSTimes की भी सराहना की और छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के उप प्राचार्य एवं मीडिया विभाग के समन्वयक डॉ.दीपक गवादे, प्रो.डॉ.सुवर्णा निकम और प्रो. शबा शेख उपस्थित थे।

## निनाद संगीत विद्यालय के नटश्री नृत्यालय द्वारा

# नृत्योपासना 2024 का आयोजन

उल्हास विकास संवाददाता

**ठाणे.** निनाद संगीत विद्यालय के नटश्री नृत्यालय ने कल्याण पश्चिम में आचार्य प्रह्लाद केशव अत्रे रंगमंदिर में एक शानदार नृत्योपासना प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संचालन भक्ति महाजन द्वारा किया गया। सुप्रिया नायकर, संस्थापक प्रतिभा महाजन व आधारस्तंभ भूरेसिंह महाजन सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में रविवार की सुबह की शुरूआत कला एवं संस्कृति के जागरण के प्रतीक दीप प्रज्ज्वलन से हुई।

विभिन्न आयु वर्ग के 190 से अधिक प्रतिभाशाली नर्तकों ने भरतनाट्यम अभिव्यक्तियों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति दी। भावपूर्ण छंदों से लेकर पुष्पांजलि, अलारिप्पु, कार्तिकेय कौथुवम, जातिस्वरम, शब्दम, महालक्ष्मी अष्टकम, हनुमान चालीसा, अभंग और तिल्लाना जैसे पारंपरिक टुकड़ों तक, प्रत्येक प्रदर्शन ने दर्शकों को भक्ति से मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस कार्यक्रम ने न केवल कलाकारों की कलात्मक कौशल का जश्न मनाया बल्कि प्रतिभा को पोषित करने और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी काम किया। कार्यक्रम का समापन दिव्य आशा मंगलम के साथ हुआ।


## आम सूचना

हम श्रीमती सावित्री राजकुमार भाटिया और श्री राजकुमार सतरामदास भाटिया सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 101, पहला माला, देवी सदन, बैरक नं. 227, रुम नं. 14 व 15, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 16बीआय015921900) उक्त प्रॉपर्टी

श्री राजु प्रतापराय गुरुमुखानी व श्री सीता राजु गुरुमुखानी ने यह फ्लैट श्री किशीन जिवतराम चेलानी से सेल एग्रीमेंट दि. 21.9.2010 से खरीदी है और श्री किशीन जिवतराम चेलानी ने यह फ्लैट श्री दीपक चेलानी से गिफ्ट एग्रीमेंट 21.5.2010

द्वारा प्राप्त की है। हमने श्री राजु प्रतापराय गुरुमुखानी व श्री सीता राजु गुरुमुखानी से 14.12.2015 सी.नं.467/2015 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सावित्री राजकुमार भाटिया और श्री राजकुमार सतरामदास भाटिया**


# पॉलिटिक्स में आने का सही समय है : कंगना

कंगना रनोट को लेकर लोग लंबे समय से कयास लगा रहे हैं कि वो जल्द ही पॉलिटिक्स में कदम रखेंगी। अब एक्ट्रेस ने इसपर खुलकर बात की है। कंगना ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि पॉलिटिक्स ज्वॉइन करने के लिए ये सही समय है। इंटरव्यू में कंगना ने कहा- मैं चुनाव लड़ूंगी या नहीं इसकी अनाउंसमेंट नहीं कर सकती हूं। मैं शुरुआत से ही एक जागरुक नागरिक हूं। मुझे लगता है कि जितना कोई उस पोजिशन पर रहकर करेगा। कहीं न कहीं मैंने उससे ज्यादा देश के लिए करने की कोशिश की है। मैंने फिल्म के सेट से पॉलिटिकल पार्टी के साथ कई लड़ाई की है। मैं अपने देश के लिए जो करना चाहती हूं। उसके लि ए मुझे किसी सीट की जरुरत नहीं है। लेकिन, अगर मैं पॉलिटिक्स में आना चाहूं, तो मुझे लगता है कि शायद ये सही समय है।

### राष्ट्रवादी होने पर गर्व है- कंगना रनोट

कंगना ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा- इस देश ने मुझे बहुत कुछ दिया है, जिसे वापस देने के लिए मैं अपनी जिम्मेदारी महसूस करती हूं। मुझे राष्ट्रवादी होने पर गर्व है। कंगना की ये इमेज उनकी एक्ट्रेस की इमेज से लोग ज्यादा पसंद करते हैं।

### मैं सेंसिटिव इंसान हूं

कुछ समय पहले कंगना ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि 'मैं बहुत ही सेंसिटिव और सेंसिबल इंसान हूं। राजनीतिक शख्स नहीं हूं। मुझे कई बार राजनीति ज्वॉइन करने के लिए कहा गया है लेकिन मैंने नहीं किया। कंगना के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो कंगना रनोट जल्द ही फिल्म 'इमरजेंसी' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को कंगना रनोट ने ही डायरेक्ट किया है। इमरजेंसी में कंगना ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभाती नजर आएंगी।



## ‘विरहाँगे जो वार, विछि्डयलु प्यार’ के अंतर्गत

# ‘ओह माय झूलेलाल’ नाटक का हुआ मंचन








**उल्हासनगर.** सिंधु सखा संगम एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ रंगकर्मी सदाहयात रमन राजपाल की स्मृति में शनिवार की शाम सिंधु युथ सर्कल, उल्हासनगर 3 में सिन्धी नाटक ‘ओ माय झुलेलाल’ नाटक का मंचन किया गया जिसकी निर्देशिका जूली तेजवानी व लेखक निखिल राजपाल है। कार्यक्रम की शुरुआत सिंधु सखा संगम के आगामी नाटक ‘विरहाडे जो वार, विछि्डयल प्यार’ के प्रोमो से की गई।

इस नृत्यनाटिका में विभाजन का सिंधीयों पर क्या असर हुआ, विभाजन के बाद कैसे सिंधियों ने खुद को फिर से बसाया और कैसे सिंधीयों के इष्ट देव झूलेलाल की असीम कृपा आज के उनपर बरकरार है दर्शाया गया।

जब भी धर्म पर संकट आया है ईश्वर ने आकर धर्म को बचाया है ‘ओ माय झूलेलाल’ नाटक में इसी पृष्टभूमि पर बनी हुई नृत्यनाटिका है। कैसे भगवान झूलेलाल भक्तों के दुख दूर करने के लिए अवतार लेकर धरती पर आते हैं। समाज मे तेज़ी से पनप रहे धर्म परिवर्तन की त्रासदी, मानव द्वारा हो रही पर्यावरण की हानि, परिवार में हो रहे मनमुटाव, शादियों का टूटना, बच्चों को अपनी मातृभाषा से दूर होना, इन सभी समाज की बुराइयों के बारे में समाज में जागरूकता लाकर सब कुछ ठीक करके फिर स्वर्गलोक पधारते हैं। नृत्य तथा संगीत के माध्यम से यह पूरा डांस ड्रामा दर्शाया गया।

लुप्त हो रही सिंधी भाषा को कला के रूप में दर्शकों तक पहुंचाना, समाज को अपनी संस्कृति के प्रति जागरुक करना सिंधु सखा संगम का उद्देश्य रहा है और यही आज के समय की जरूरत भी है। इस प्रयास में सिंधु सखा संगम की टीम पुर्णतः सफल भी रही ऐसा वक्तव्य महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के सदस्य लाल पंजाबी, शांतिदूत रमेश आहुजा, प्रकाश गुरनानी, सिंधु युथ सर्कल के सुंदर ढंगवानी व महिला विंग, जय झुलेलाल संघर्ष समिति व जय झूलेलाल संघर्ष समिति के सदस्य, साहित्यकार प्रिया वछानी, जवाहर वसयानी, नवजीवन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड उल्हासनगर के सीईओ व मैनेजमेंट टीम का सहयोग रहा।

आयोजक जूली तेजवानी, किशन रामनानी, हीरो पारवानी व जयश्री थावानी व सिंधु सखा संगम की टीम द्वारा किये अथक प्रयासों से यह कार्यक्रम आशा से अधिक सफल रहा।


## आम सूचना

मैं श्री नामदेव नारायण तायड़े सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप नं. 6, ग्राऊंड फ्लोर, हनीमून काटेज, बैरक नं. 519-520 के पास, बैरक नं. 521 के सामने, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 23बीआय016989900) उक्त प्रॉपर्टी श्री गणेश रतनसिंघ ठाकुर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 15.5.1995 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री नामदेव नारायण तायड़े**

## आम सूचना

मैं श्री नामदेव नारायण तायड़े सभी को सूचित कर रहा हूं कि रूम नं. 16, हनीमून काटेज, बैरक नं. 519 के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 23बीआय016984900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती आशा शंकरलाल तलरेजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट 21.7.2004 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री नामदेव नारायण तायड़े**



Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
उल्हास वि NEWS

आपकी आवाज 15 सेकंड का वीडियो 9322233577

इस नंबर पर भेजकर हमारे न्यूज के जरिए अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाएं।

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा



उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
21 Lakhs THANK YOU Viewer's
21,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099